मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठानः योजनाएं एवं कार्यक्रम

मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान की स्थापना सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत एक स्वैच्छिक, अराजनीतिक, गैर-लाभ प्राप्तकर्ता सोसायटी के रूप में 6 जुलाई, 1989 को हुई थी।

2. मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान का मुख्य उद्देश्य विशेषकर शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े अल्पसंख्यकों के लाभार्थ तथा सामान्यतः कमजोर वर्गों के लिए शैक्षिक योजनाएं तैयार करना और उन्हें कार्यान्वित करना है, ताकि आवासीय स्कूलों, विशेषकर छात्राओं के लिए, स्थापना की जा सके और उन्हें आधुनिक शिक्षा सुलभ कराने के साथ-साथ अनुसंधान को बढ़ावा दिया जा सके तथा शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े अल्पसंख्यकों के लाभ से जुड़े अन्य प्रयासों को प्रोत्साहित किया जा सके।

योजनाएं

3. मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान की योजनाएं मुख्यतः दो प्रकार की हैं, अर्थात् छात्राओं पर विशेष जोर देते हुए विद्यालयों/ छात्रावासों/ तकनीकी/व्यावसायिक शिक्षा केन्द्रों के निर्माण और विस्तार हेतु गैर-सरकारी संगठनों को सहायता-अनुदान तथा मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्तियां।

समग्र निधि

4. मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान अपनी योजनाओं का कार्यान्वयन अपनी समग्र निधि पर अर्जित ब्याज राशि से कर रहा है, जो इसकी आय का मुख्य स्रोत है। प्रतिष्ठान को समग्र निधि योजनागत सहायता स्वरूप उपलब्ध करायी गई है। प्रतिष्ठान की समय निधि वर्ष 2006-07 में 100 करोड़ रुपये थी, जो अब 2016-17 में बढ़कर 1249.00 करोड़ रुपये हो गई है।

5. प्रतिष्ठान ने अपने गठन के समय से लेकर देश भर में 1548 गैर-सरकारी संगठनों को विद्यालयों/कॉलेजों/बालिका छात्रावासों/पॉलीटेक्नीकों/औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के निर्माण/विस्तार के लिए तथा उपकरण/मशीनरी/फर्नीचर आदि की खरीद के लिए 199.73 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं तथा 230744 छात्राओं को 274.72 करोड़ रुपये राशि की छात्रवृत्तियां संवितरित की हैं। मौजूदा योजना अवधि के दौरान वर्ष-वार उपलब्धियों के ब्यौरे अनुलग्नक-I पर हैं।

<u>**अनुलग्नक-I**</u>

वर्ष	**स्वीकृत सहायता अनुदान**			**स्वीकृत छात्रवृत्ति**		
	गैर-सरकारी संगठनों की संख्या		**स्वीकृत राशि (करोड़ रुपये में)**	**लाभार्थियों की संख्या**		**स्वीकृत राशि(करोड़ रुपये में)**
	लक्ष्य	**उपलब्धि**		**लक्ष्य**	**उपलब्धि**	
2007-08*	शून्य	51	6.60	6000	401	4.81
2008-09	150	12	17.28	12000	12064	14.48
2009-10	150	10	13.36	15000	15070	18.08
2010-11	100	शून्य	0.00	18000	17326	20.79
2011-12	150	16	22.58	20000	17700	21.18
2012-13	150	13	17.66	25000	25156	30.18
2013-14	150	12	15.00	35000	35159	42.19
2014-15	150	48	5.39	45000	45426	54.51
2015-16	150	77	8.41	50000	48000	57.60

* **गैर-सरकारी संगठनों के संबंध में सहायता-अनुदान योजना के लिए** 2008-09 से पहले कोई लक्ष्य नहीं थे।

<u>स्थापना के बाद से अब तक की उपलब्धि</u>

क्रम सं0	**सहायता अनुदान योजना**		**छात्रवृत्ति योजना**	
	वास्तविक (एनजीओ की संख्या)	**वित्तीय (करोड़ रुपये में)**	**वास्तविक (बालिकाओं की संख्या)**	**वित्तीय (करोड़ रुपये में)**
1.	1548 एनजीओ	199.73	230744	274.72 करोड़

*****